Court Case No- 13/2024

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत दीवानी न्यायालय की शक्तियों को प्रयोग करने वाला एक संवैधानिक निकाय)
(A Constitutional body exercising powers of a Civil Court under Article 338A of the Constitution of India)

## Summons

**फा. सं.: NCST/ATY-1052/JH/39/2023-RO-RNC**

**श्री लोकेश मिश्रा,**
उपायुक्त, खूँटी,
झारखंड सरकार,
समाहरणालय खूँटी ,
कमरा संख्या-4,
खूँटी – 835210, झारखंड,
ई-मेल: dc-kht-jhr@nic.in

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए निम्नलिखित मामलें का अन्वेषण करने का निश्चय किया है, अतः राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की माननीया सदस्य डॉ. आशा लकड़ा के समक्ष **दिनांक 28.08.2024 को पूर्वाह्न 09:30 बजे, राजकीय अतिथिशाला, मोरहाबादी, रांची, झारखंड** में आपकी व्यक्तिगत उपस्थिति एततद्वारा अपेक्षित है। आप राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा जांच के लिए सम्बंधित दस्तावेज अपने साथ लायें।

**मामलें का सन्दर्भ:-**

**संदर्भ 1.** ग्राम-तिकी, पो॰-जुड़दाग, थाना-कर्रा, जिला- खूँटी, झारखण्ड के मौज़ा तिकी स्थित भूमि विवरण: थाना नं॰-283, प्लॉट नं॰-9 के पहान खूट की डालीकटारी भुंईहरि जमीन को सर्वे खाता में कायमी दर्ज़ कर पहान खूट के वंशज परिवारों को जमीन से बेदखल करने के संबंध में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही हेतु श्री विजय युसुफ भेंगरा, ग्राम - चिड़िया, बाजार हाता, पोस्ट-चिड़िया, जिला-पश्चिम सिंहभूम, (झारखंड) से प्राप्त दिनांक 07.01.2020 का अभ्यावेदन।

**सन्दर्भ 2:** आयोग का समसंख्यक नोटिस दिनांक 28.04.2023.

यदि आप बिना किसी विधि-सम्मत कारण के इस आदेश का अनुपालन नहीं करते हैं तो आपको सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश XVI के नियम 12 में दिए गए अनुपस्थिति के परिणाम भुगतने होंगे।

**दिनांक 21, अगस्त, 2024** को मेरे हस्ताक्षर और सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की मोहर से दिया गया।

हस्ताक्षर

मोहर

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes

**न्यायालय अधिकारी**

Court Officer
National Commission for Scheduled Tribes
Loknayak Bhawan, New Delhi-110003